42

# कितना महान है ये भारत

आह!
कितना सुंदर,
कितना प्यारा,
कितना महान है ये भारत।

गंगा-यमुना की पावनता,
मंदाकिनी की मादकता,
रेवा, कृष्णा, कावेरी की
गुणगाथा गाता ये भारत।

कश्मीर की शीतलता,
लक्षद्वीप का सादापन,
कूर्ग, गोवा, ऊटी की
झंकार सुनाता ये भारत।

ये महावीर की भूमि है,
और बुद्ध की बुद्धिमत्ता,
गुरूनानक की गुरूवाणी की
अरदास सुनाता ये भारत।

बुद्धि और कौशल की तीव्रता,
चंद्रयान की अद्भुत शीघ्रता,
ब्रह्मोस के गर्जन की
हुंकार सुनाता ये भारत।

सारी दुनिया तुम घूम तो लो,
इतना सुंदर है कौन कहाँ?
शस्त्र, शास्त्र और शास्त्रार्थ का
अवतार हमारा ये भारत।

कितना सुंदर, कितना प्यारा,
कितना महान है ये भारत।

**दीपशिखा गढ़वाल**
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका (अंग्रेजी)
पीएम श्री के.वि. सीएमएम जबलपुर